उदाहरण के लिए, आज (दिनांक 27-3-2006 समय 2030-2100) 'स्टार प्लस' पर प्रेरणा नामक मुख्य पात्र के सामने एक कठिन समस्या रखी गई 'देख प्रेरणा, उधर जाता है तेरे धर्म का रास्ता, और ठीक उसकी विपरीत दिशा में जाता है वह तेरा कर्म का रास्ता। अब तू किसको चुनेगी जब तेरे धर्म व कर्म हैं एक दूसरे के ठीक विपरीत?' दुविधा में पड़े प्रेरणा को, पृष्ठभूमि में गीता के ये दो श्लोक बार-बार याद दिलाये जाते रहे *'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन'* एवं*'यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत'।*

 ISBN 81-89746-16-2 पुस्तक क्रमांक 16 संस्करण 04 कोड 16_04

उसके बाद आती है एक आवाज़ पृष्ठभूमि से 'तुझे चुनना है कर्म का रास्ता, जब हो वह धर्म के रास्ते के ठीक विपरीत।'

इस प्रकार, करोड़ों दर्शकों की ज्ञान की पोंटली में समा गया गीता की व्याख्या का एक नया पहलू - धर्म व कर्म के रास्ते एक-दूसरे के ठीक विपरीत भी हो सकते हैं। यदि कर्म को धर्म के विरुद्ध खड़े होने की आवश्यकता हुई तो कहीं न कहीं कर्म एवं धर्म की समझ में कोई खोट रह गई है।

ऐसी खोटी व्याख्याओं का पृष्ठांकन (इन्डॉःसमेंट) *'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन'* एवं *'यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत'* जैसे ऐतहासिक महत्व के उद्धरणों के परिप्रेक्ष्य में नहीं किया जाना चाहिए। कर्म एवं धर्म जैसी महत्वपूर्ण संकल्पनाओं को जन-साधारण के समक्ष प्रस्तुत करते हुए कुछ सावधानी बरती जानी चाहिए। यह नौटंकी लिखने वालों का काम नहीं।

भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को प्रेरित किया था उस कर्म के लिए जो धर्म के विपरीत नहीं, बल्कि धर्म की रक्षा के लिए था। यह बात सम्भवतः इन लोगों की समझ के बाहर है।

कुछ इसी प्रकार 'स्टार प्लस' के एक और अत्यधिक लोकप्रिय सीरियल में (सन 2002-03) पटकथा लेखक, निर्माता, निर्देशक ने कहानी के एक वयस्क पात्र के माध्यम से, करोड़ों हिन्दुओं को यह सिखा दिया कि भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में कहा है कि -

"एक झूठ सौ सच के बराबर होता है, यदि उस झूठ से किसी का भला होता हो"।

जब मैं 'स्टार प्लस' के वेब-साइट पर गया और दर्शकों के पुनर्निवेशन (फ़ीडबैक) के स्थान पर इस प्रसंग का जिक्र करते हुए उनसे पूछा कि बताइये मुझे गीता के किस अध्याय में, कौन से श्लोक में ऐसा कहा गया है कि 'एक झूठ सौ सच के बराबर होता है...'। उनका कोई उत्तर न आया मेरे ईमेल पर।

उन दिनों मैंने गीता का गभीरता से अध्ययन किया था और लगभग सारी गीता मेरे हृदय में स्थित थी (आज नहीं है), और मैं भली-भाँति जानता था कि श्रीमद्भग्वद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने 'एक झूठ को सौ सच के बराबर' कहीं भी, किसी भी श्लोक में नहीं कहा है। मैने उनसे अपने फीडबेक में यह भी आग्रह किया था कि यदि वे मुझे गीता का वह अध्याय और वह श्लोक नहीं बता पाते हैं तो उन्हें अपने सीरीयल के आरम्भ में अपनी गलती स्वीकार करनी चाहिए ताकि दर्शक इस भ्रम में न जीयें, और उससे भी महत्वपूर्ण, कि इस मिथ्या को गीता की आड़ में, उनकी ही तरह, आगे फैलाते न रहें। पर ऐसी कोई स्वीकारोक्ति मुझे देखने को न मिली।

मैं सोचता रहा, क्या वह कबीर ही था जो कह गया था "एक अंधा दूसरे अंधे को राह दिखायेगा, तो दोनों कुँए में जा गिरेंगे"। क्या यही बात लागू होती है इन टीवी सीरियलों

के बारे में?

टिप्पणी - यद्यपि मैं इस बात को अस्वीकार नहीं करता हूँ कि इन 'एकता कपूर' के सीरियलों में अनेक अच्छी बातें भी रहती हैं, विशेषकर इनका प्रयास आजकी पीढ़ी को हमारी संस्कृति से बाँधे रखने की दिशा में। यह अलग बात है कि यह प्रयास भी अनेक स्थानों पर सही-गलत कि खिचड़ी जैसी हुआ करती है। इन सबके बावजूद, 'आज की पैदावार एकता कपूर' के इन प्रयासों में बहुत-कुछ अच्छा भी है, जिसे किसी भी तरह नजरंदाज नहीं किया जा सकता है।

मानोज रखित

अप्रैल 2006 "लखनऊ के श्री रविकान्त खरे (बाबाजी द्वारा भेजी गई आपकी पुस्तक 'वे जो हिन्दू देवी-देवताओं के बारे में...' प्राप्त हुई। आपने जो लिखा है उसका आभास तो मुझे समय-2 पर मिलता रहा है और मैंने अपने स्तर पर इनका विरोध कविता आलेख आदि के माध्यम से किया है। आपकी इस पुस्तक में कुछ और नई सूचनायें मिली। ये निश्चय ही भारतीय अस्मिता को चोट पहुँचाने वाली हैं। अब पानी इतने ऊपर से गुजर चुका है कि हमें भी हिन्दुत्व और राष्ट्र की रक्षा के लिए सभी माध्यमों से इन पर प्रहार करना चाहिए और लोगों को सारी असलियत समझाकर सत्ता प्रखर राष्ट्रवादियों को सौंपना चाहिए। मैं आपकी धारणाओं का समर्थन करता हूँ और जब तक बस चलेगा आपके नक्शेकदम पर चलता रहूँगा।"

डॉ परमलाल गुप्त संयोजक ?? साहित्यकार परिषद ?? बस स्टैंड के पीछे, सतना 485001 (म प्र)

19 नवंबर 2006 मैं आपसे सहमत हूँ कि "हमें भी हिन्दुत्व और राष्ट्र की रक्षा के लिए सभी माध्यमों से इन आततायियों पर प्रहार करना चाहिए"।

• यदि हम दबते ही रहेंगे तो वे हमें दबाते ही रहेंगे। विनम्रता की भी एक हद होती है। कोई आपके सर पर पाँव रखकर आपको जमीन की ओर दबाता रहे और आप उठ खड़े होने की चेष्टा न करें, तो वह आपको तब तक दबाता रहेगा जब तक आप जमीन के अंदर गाड़ नहीं दिये जाते। वह मनुष्य ही क्या जिसमें स्वाभिमान न हो? उसमें और एक मुर्दे में फ़र्क ही क्या? हमें अच्छी सीख दी गई है कि हम अनाचार न करें। पर हमें यह तो सिखाया नहीं गया है कि हम अनाचार का विरोध न करे? अतः आपकी इस सोच का पूर्णतः समर्थन करते हुए, आपसे अनुरोध करना चाहता हूँ कि इस भावना को जन-जन में फैलायें।

आपने लिखा है "लोगों को सारी असलियत समझाकर सत्ता प्रखर राष्ट्रवादियों को सौंपना चाहिए"।

• समस्या इतनी सहज नहीं कि इस सोच को अभी अंज़ाम दिया जा सके, या अंजाम देने की बात सोची जा सके। समस्या के अनेक पहलू हैं और उनकी पहुँच इतनी गहरी है, कि उन्हें प्रबुद्ध लोगों की समझ में लाने में ही काफी समय लगेगा। सत्ता प्रखर राष्ट्रवादियों के हाथ में सौपना ही समस्या का हल न होगा, क्योंकि राष्ट्रवादी होना ही

 ISBN 81-89746-16-2 पुस्तक क्रमांक 16 संस्करण 04 कोड 16_04

अपने-आप में पर्याप्त नहीं है, एक अच्छे समाज की रचना करने के लिए।

जो अमरीका की नाड़ी को पहचानते हैं वे यह भी जानते होंगे कि अमरीका एक प्रखर राष्ट्रवादी राष्ट्र है। अमरीकी जनसाधारण अपने अमरीकी होने पर सदा गौरव बोध करते हैं। उनमें राष्ट्रवादिता कूट-कूट कर भरी है। इसे उनका धनी राष्ट्र या शक्तिशाली राष्ट्र होने का अहंकर मात्र न समझें। उनकी सत्ता भी प्रखर राष्ट्रवादियों के हाथ में है। इन सब के बावजूद, अमरीकी समाज एक अच्छा समाज नहीं है।

इसका कारण है, उस समाज की आत्मा बसी है एक ऐसे धर्म में जो आसुरिक प्रवृत्ति का है। उस धर्म के बारे में जब आप पढ़ेंगे (पुस्तक क्रमांक 04 पृष्ठ संख्या 260) तो अनेक चौंकाने वाली बातें मिलेंगी। उस धर्म के नाड़ी की पहचान आपको उस पुस्तक से ही होगी।

• हमारे लिए यह समझना अत्यंत आवश्यक है कि राष्ट्र की आत्मा राष्ट्रवादिता से नहीं बल्कि धर्म से 'सींची' जाती है। अतः एक अच्छे समाज की रचना के लिए अच्छे धर्म की आवश्यकता होती है जो लोगों की सोच को, भावनाओ को, जीवन मूल्यों को सही दिशा दे सके।

• यह योग्यता हिन्दू धर्म में है, पर कितने प्रखर राष्ट्रवादी हिन्दू धर्म की नाड़ी को पहचानते हैं? उसे पहचानने के लिए हिन्दू पैदा होना पर्याप्त नहीं, हिन्दू कुल मे पल-बढ़ कर बड़ा होना पर्याप्त नहीं, हिन्दू धर्म की मूल पुस्तकों को पढ़ लेना पर्याप्त नहीं, हिन्दू धर्म के बारे में ढेर सारी किताबें पढ़ना पर्याप्त नहीं, पंडिताई पर्याप्त नहीं, विद्वता पर्याप्त नहीं। इन सब से आगे बढ़ कर कुछ और भी आवश्यक है।

वह 'कुछ और' क्या है इसकी आलोचना मै यहाँ नहीं करूँगा। कारण, इस पुस्तक का विषय वह नहीं है, न ही इस पुस्तक का उद्देश्य। अतः समय आने पर ही उन विषयों पर चर्चा करूँगा। यदि मुझ पर भरोसा है तो अभी इतने पर ही विश्वास कर लें, बाकी 'समय' पर छोड़ दें। एक-एक कदम चल कर ही हमें अपनी मंजिल तक पहुँचना है।

मानोज रखित

21-4-2006 "देवी-देवताओं के बारे में आपकी पुस्तक पढ़ी। वास्तव में हमारी स्थिति उस अर्जुन की तरह हो गई है जो युद्धस्थल से भागना चाहता है। बिल्ली के डर से कबूतर आँखे बंद कर लेता है - पर क्या संकट टलता है?

आपका हर कार्य सराहनीय है। ईश्वर आपको स्वस्थ रखें। अगले अंक में आपका भगवदगीता पर लेख दूँगा। प्रति भी भेजूँगा।"

श्री दामोदर भगेरिया, सम्पादक 'गीता से जुड़ें', 13 एम-जी-डी मार्केट, जयपुर 302 002 फोन 0141-2212510

17-3-2006 "आपकी दोनों पुस्तिकायें क्रमशः 'मज़हब ही सिखाता है आपस में बैर करना, एक सनातन धर्म के सिवा' तथा 'वे जो हिन्दू देवी-देवताओं के बारे में इतनी गंदी-गंदी बातें कहते हैं, और आप हैं कि बस चुप्पी साधे बैठे रहते हैं' मिलीं। दोनों पुस्तकों का गहराई से अध्ययन किया। इन पुस्तिकाओं की रचना गम्भीर शोध का परिणाम है। आपने अपने कथन को सप्रमाण पेश किया है।

कितनी दुःखद बात है कि ईसाई धर्मगुरु टीवी एवं इंटरनेट के द्वारा विश्वभर के लाखों-करोड़ों व्यक्तियों को हिन्दू देवी-देवताओं के बारे में गंदी-गंदी बातें कहते हैं। इसका विरोध तो हिन्दुओं को करना ही चाहिये। जिस प्रकर ईसाई धर्मगुरु टीवी व इंटरनेट जैसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों का उपयोग हिन्दुओं के विरुद्ध घृणा फैलाने में कर रहे हैं, उसी प्रकार हिन्दुओं को भी बदले की भावना से न सही पर उनके दुश्प्रचार का विरोध तो करना ही चाहिए। ईसाई धर्म वाले पूरे देश भर में छोटी-छोटी पुस्तिकाओं के माध्यम से अपने धर्म के प्रसार में लगे हुए हैं। इसी प्रकार आपने भी हिन्दू धर्म-रक्षार्थ इन पुस्तिकाओं की रचना की है और वास्तविकता को हिन्दुओं के बीच उजागर करने का प्रयास किया है।

ईसाई, मुस्लिम तथा सनातन धर्म की तुलना यह सिद्ध करती है कि किस प्रकार बाइबिल और कुरआन जैसे तथाकथित धर्मग्रंथ समाज में घृणा फ़ैलाने का काम कर रहे हैं। अब आवश्यकता है इन पुस्तिकाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार की, अधिक-से-अधिक हिन्दुओं के हाथों में पहुँचाने की, जिससे इन सोये हुए हिन्दुओं को जगाया जा सके, सनातन धर्म की रक्षा की जा सके और दुनिया में हिन्दुओं के प्रति भड़काई गई घृणा पर लगाम लगाया जा सके।"

श्री अभय कुमार ओझा, सहायक, व्यवहार न्यायालय, खगड़िया 851204, बिहार

19-11-2006 आपने लिखा है "इसी प्रकार आपने भी हिन्दू धर्म-रक्षार्थ इन पुस्तिकाओं की रचना की है और वास्तविकता को हिन्दुओं के बीच उजागर करने का प्रयास किया है। अब आवश्यकता है इन पुस्तिकाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार की, अधिक-से-अधिक हिन्दुओं के हाथों में पहुँचाने की, जिससे इन सोये हुए हिन्दुओं को जगाया जा सके, सनातन धर्म की रक्षा की जा सके और दुनिया में हिन्दुओं के प्रति भड़काई गई घृणा पर लगाम लगाया जा सके।"

- आपसे अनुरोध है कि आप अपनी तरफ से, इस दिशा में कुछ करने का प्रयास करें, ताकि आपकी देखा-देखी अन्य लोग भी इस दिशा में कदम बढ़ायें। हम में से किसी के पास भी असीमित साधन नहीं है। अपनी-2 व्यक्तिगत स्थिति के अनुसार हमें अपना-2 योगदान करना चाहिए। अन्यथा हमारे सुझाव अपनी महत्ता खो बैठेंगे।

मानोज रखित

ISBN 81-89746-16-2 पुस्तक क्रमांक 16 संस्करण 04 कोड 16_04

24-4-2006 ""आपकी दो पुस्तिका - हिन्दू देवी-देवताओं के संबंध में तथा मज़हब ही सिखाता..... की प्रति प्राप्त हुई। हार्दिक धन्यवाद।

हिन्दूवाद का विरोध हिन्दू देवी-देवताओं को गाली देकर ही शुरु हुआ है। भारत में इसका इतिहास अति प्राचीन है। अन्य धर्मावलम्बी जिनमें ईसाई और मुसलमान इस कुकृत्य में सबसे आगे हैं।

ईसाइयों की धार्मिक व्यवस्था में कितनी अनैतिकता है, इसका भंडाफोड़ आपकी पुस्तिका से भलीभाँति हुआ है।

मज़हब ही सिखाता है आपस मे बैर रखना - इस प्रकार का सोच ही सकरात्मक है। छद्म धर्मनिरपेक्षता के दलदल में ऐसा विचार दबा हुआ है। भारत में विदेशी आक्रान्ताओं के मजहबी उन्माद के कारण ही गुलामी को फलने-फूलने का मौका मिला। आज के समय में मज़हबी उन्माद का चेहरा बदल गया है। इसे पहचानने और इसका विरोध करने की आवश्यकता है।

दोनों पुस्तिका अपने विषय-वस्तु को ठीक से प्रतिपादित करती है।

(डॉ) जनार्दन यादव, लेखक/पत्रकार, पो0 नरपतगंज 854 335, जिला अररिया (बिहार), फोन 06455-243393

21-6-2006 "आपके द्वारा शोध की गई पुस्तक को भाई डॉ0 ओम प्रकाश के द्वारा प्राप्त होने पर पढ़ी काफ़ी जिज्ञासु (?) और अपने धर्म के बारे में इतनी घिनौनी बातों को जानकर काफ़ी क्षुब्ध ह्रदय से घृणा का उदय हो रहा उन गोरी चमड़ी वालों पर परन्तु हम कुछ भी नही कर पा रहें। यह अपने ऊपर क्षोभ भी है। हम शासन व्यवस्था को दोष देकर अपने मन को समझा भी नहीं पा रहे और कुछ न कर सकने की छटपटाहट हो रही है। आपने हिन्दुत्व जागरन का अद्‌भुत प्रयास किया है। कोई भी दल (राजनैतिक) इन पर कोई निर्णय नहीं लेता सभी चुप्पी साधे राजनीति की रोटी सेंकते हैं। मै एक मित्र के साथ एटा, मैनपुरी व इटावा में घूमा हूँ, वहाँ तो गाँव के गाँव ईसाईयत में डूबते जा रहे हैं। ऐसा ही नहीं लखनऊ में नेताओं के नाक तले एक ऐसी संस्था कार्य कर रही है जिसका नाम चौंकाने वाला है। नाम है 'इन्डिया एवरी होम क्रूसेड' (India Every Home Crusade). और उनका प्रयास भी है वे गरीबों को नौकरी देते हैं, नवयुवकों को रोजगार देते हैं, और जाने क्या-2 लालच देकर ईसाई बनाते जा रहे हैं। और हमारे नेता एवं समाजसेवी तथाकथित हाथ पर हाथ धरे मौन स्वीकृत (?) स्वीकार किया है। आपके विचार एवं शोध सराहनीय है। समय रहते यदि सोच न बदली तो एक दिन हम सब देखते रह जायेंगे और समय हाथ से निकल जयेगा।

आर0 वर्मा, छोटी इस्माइलपुर, बाराबंकी

20-11-2006 ऐसा नहीं कि हम कुछ नहीं कर सकते। हर व्यक्ति कुछ न कुछ तो कर ही सकता है, चाहे वह कुछ 'बड़ा' हो या 'छोटा'।

• भूल गये 'सिंह और चूहे' की कहानी जो बचपन में पढ़ी थी आपने? वह चूहा जिसकी जंगल के राजा सिंह के सामने कोई औकात ही नहीं थी, उसी चूहे ने एक दिन शिकारी के जाल में फँसे सिंह की जान बचाई, शिकारी के लौटने से पहले उस जाल को अपने नुकीले दाँतों से काटकर!

• मत भूलिए कि प्रत्येक व्यक्ति को भगवान ने कुछ न कुछ दिया ही है। जरूरत है उसे पहचानने की। आपको जो भी साधन ईश्वर ने दिया है, उसे जब आप पहचान लेंगे, तब स्वयं ही आप प्रेरित होंगे, कुछ कर गुजरने के लिए।

मानोज रखित

26-3-2006 "शुभाशीष। आपके द्वारा लिखित दोनों पुस्तकें 'मज़हब ही सिखाता है आपस में बैर करना' तथा 'वे जो.....बस चुप्पी साधे बैठे रहते हैं मिली। आपको बहुत-2 धन्यवाद जो आँखें खोल देने वाली तथा हिन्दुओं के ठस हो गये मस्तिष्क को ठोकर मारने वाली ऐसी पुस्तिकायें लिखीं।

मैं भी एक मासिक पत्र 'ठेंगे पर सब मार दिया' प्रकाशित व सम्पादित करता हूँ जो खरी-2 बातें सुना-2 कर सुप्त हिन्दुओं का (?) प्रयत्न करता है।

लेकिन ये हिन्दू ही हैं जो इस त्रासदी के पूर्णरूप से जिम्मेदार हैं। हिन्दुओं ने ही सारे राष्ट्र-हित को अनदेखा किया है और आज भी कर रहे हैं। सब कुछ जानते हुए भी मुस्लिम तुष्टीकरण में लगे रहते हैं, घुसपैठियों का (?) सिर आँखों पर बिठाते रहते हैं, और धर्मनिरपेक्ष बनकर सनातन धर्म का, धार्मिक ग्रंथों और मान्यताओं का उपहास उड़ाते (?) रहते हैं। हम लोग अंधों के आगे रो रहे हैं और अपनी आँखें फोड़ रहे हैं। वर्तमान परिवेश का भारत आतंकवाद और कट्टरपंथी हिंसा के दौर से गुजर रहा है। दोहरे चरित्र के राजनीतिज्ञ जो अधिकतर हिन्दू ही हैं, जातिवादी नेता जो हिन्दू ही हैं देश को विघटन की ओर ले जा रहे हैं। ऐसे में, इस तम में आपका प्रयत्न स्तुत्य है।

डॉ0 रामसेवक शुक्ल, होम्योपैथ, सम्पादक - ठेंगे पर सब मार दिया, 221/269-सी, तुलाराम बाग, इलाहाबाद-6, पत्र क्रमांक 21052

20-11-2006 आपके आशीष के लिए धन्यवाद! जाहिर है आप मुझसे उम्र में काफी बड़े है। ऐसी स्थिति में मेरा यह उत्तर कहाँ तक उचित होगा, कह नहीं सकता। फिर भी उत्तर देना आवश्यक जान पड़ा, उसी उद्देश्य के खातिर जिसके लिए आपने मुझे शुभाशीष दिय। भीष्म पितामह ने भी अर्जुन से कहा था कि उन पर तीर चलाने में उसे संकोच न करना चाहिए।

 ISBN 81-89746-16-2 पुस्तक क्रमांक 16 संस्करण 04 कोड 16_04

यहाँ मुझे आपकी बातों का खण्डन करना पड़ रहा है। आपकी-सी सोच मैंने अनेक विद्वतापूर्ण लोगों में पायी है। अतः मेरे ये उत्तर उन सभी के लिए हैं।

• हिन्दुओं को सम्पूर्ण रूप से दोषी ठहराते वक्त इस बात का स्पष्टीकरण कर देना उचित होगा कि हिन्दुओं में किस वर्ग को आप दोषी मानते हैं। अन्यथा ऐसा प्रतीत होगा कि आप आम हिन्दू को सर्वथा दोषी मानते हैं, जो पूर्णतः अनुचित होगा।

आम हिन्दू पढ़े-लिखे विद्वता-पूर्ण हिन्दुओं से कहीं अधिक 'हिन्दू' है अपने हृदय में। वह ठस मस्तिष्क वाला नहीं है। यदि होता तो वह अटल बिहारी और अडवानी जैसों को धूल न चटाता। उसे सोनिया जैसों से तो कोई आशा कभी थी ही नहीं, पर अटल बिहारी और अडवानी ने उन्हें एक छोटी-सी आशा किरण दिखायी थी, पर कुर्सी जब हाथ लगी तो बेपेंदी के लोटे की तरह लुढ़क गये। जिन्होंने उनकी हार को समय आने से पहले नहीं देखा था, यह कमी उनकी थी। ठस दिमाग आम हिन्दू का नहीं था। उसे आप-जैसे विद्वानों ने जितनी शिक्षा एवं जितने साधन दिये थे, उस तुलना में वह आप-जैसों से कोई कम पैनी दृष्टि नहीं रखता था।

• वह आम हिन्दू ही कल आपका साथ देगा यदि आप राष्ट्र के लिए वास्तव में कुछ करना चाहेंगे। आपके विद्वान साथी तो केवल आपस में बहस ही करते रहेंगे। आज राष्ट्र को बड़े-बड़े सोचने वालों की आवश्यकता नहीं है, बल्कि कुछ कर गुजरने वालों की है। हाँ यदि सोचने वाला, कर गुजरने वाला भी बन जाये, तो बात कुछ और ही है। जैसे, सभी के आदरणीय खरे बाबाजी। ऐसे-ही "खरे" लोगों की देश को जरूरत है।

• हिन्दू इतिहास की समझ पढ़े-लिखे विद्वतापूर्ण व्यक्तियों में उतनी ही है, जितनी उन्हें पढ़ायी और समझायी गयी थी। अतः हिन्दू के अतीत को उन्होंने उसी नजरिये से देखना सीखा है। इसका परिणाम आज यह है कि राष्ट्र की समस्याओं के बारे में उनकी समझ, उसी परिधि तक सीमित है, जहाँ तक उनकी नजर जाती है। पर सत्य तो, बहुधा धुन्ध के उस पार होता है, जहाँ उनकी नजर पहुँच ही नहीं पाती।

मानोज रखित

अप्रैल 2006 "सेवा में सम्माननीय साहब - आपकी 20 पृष्ठ की बुकलेट में देवी देवता सम्बन्धी विचार मिले। हिन्दू अपनी दुर्गति के लिए स्वयं जुम्मेदार है। बलवान लोग हिन्दू-निर्बल हिन्दू की जायदाद छीन रहे हैं। निर्बलों पर अत्याचार कर रहे हैं। गुण्डे सरे आम लूट-कत्ल-व्यभिचार कर रहे हैं जिनमें सफेदपोश व बल शामिल रहते हैं। जो गद्दी पर बैठे हैं वे केवल अपना ही घर भरना चाहते हैं। नंगे-भूखे-पीड़ित-शोषित-सताये लोगों का कोई हमदर्द नहीं है। न्यायालय न्याय नहीं दे पा रहे हैं। सर्वत्र आतंक छाया हुआ है तव लोगों को अपना समय किसी तरह कट जाय यही चिन्ता है देवी-देवताओं की ओर कौन देखे। (ये जिन्दा देवता ही लोगों को खाये जा रहे हैं।) सच्चे व्यक्ति के लिए न

सर्विस में गुजारा है न व्यापार में न कृषि में - सच्चे को कोई भीख देने को तैयार नहीं। जो मुस्टन्डे हैं वे ही देश का सुख चैन लूट रहे हैं गरीव तो आज भी पराधीन है। तव गरीव अपना समय काट रहे हैं। अब धन्ना सेठ जो छाये हुए हैं वे लूटने में लगे हैं केवल बुद्धिजीवी और विचारक (आप जैसे चन्द) हैं' वे विचारों से कितना कर सकते हैं? उनकी कोई बात भी नहीं सुनना चाहता। क्योंकि मुस्लिमों को रुष्ट करें क्यों ईसाइयों को रुष्ट करें बोट मिलता है सो फिर नहीं मिलेगा। तव गद्दी कैसे बहाल रहेगी। भवदीय-

आचार्य हर्षकवि, हर्षकुटी 205121, बमरौली (जसराना रोड), मैनपुरी (ब्रजभूमि), उ प्र

20-11-2006 मैं नहीं जानता कि आपने पुस्तक पढ़ी नहीं, या फिर उसे समझा नहीं। आपके उद्‌गार जो भी हैं, वे इस पुस्तक की विषय-वस्तु से परे हैं। सम्भवतः मेरी पुस्तकें आप-जैसों के लिए नहीं हैं।

समस्या यह नहीं कि क्या आपके चारों तरफ हो रहा है। समस्या यह है कि अपने-आपको बुद्धिजीवी समझने वाले, जो इस बात का भी दम भरते है कि उन्हें आम हिन्दू की कितनी परवाह है, ऐसे बुद्धिजीवियों की दृष्टि केवल अपने आस-पास के चारों तरफ ही सीमित है, उन्हें myopic कहा जा सकता है। उन्हें चित्र का वही पहलू दिखायी देता है जो उनकी सीमित दृष्ट देख पाती है। उन्हें कैनवॅस (canvas) के ऊपर फैला हुआ पूरा चित्र (the big picture) कभी नजर नहीं आता। उनमें जानने व सीखने की योग्यता खत्म हो चुकी होती है क्योंकि वे स्वयं आचार्य बन चुके होते हैं, जो आम हिन्दू से ऊपर कहीं बैठा होता है और अपनी समझ के अनुसार के एक सीमित समुदाय की निष्ठा का पात्र बन चुका होता है।

मानोज रखित

27-6-2006 "आपकी तीन पुस्तकें 15-16-18 मिली, हार्दिक धन्यवाद। आपने जिस वेबाकी से बाईबिल और कुरान के काले पृष्ठों को अन्यों को दिखाया है, आपके अन्दर हिन्दुत्व की धधकती आग को दिखाती है, परन्तु आज भी हम पाश्चात्य परिपाटियों का गुलामों की तरह अनुसरण कर रहे हैं, चाहे शिक्षा हो चाहे सामाजिक वि(?)रूपता, मैंने भी ईसाइयों के स्कूल और अमरीका द्वारा संचालित कालेज में शिक्षा पायी है, और मै ने देखा है चैपल का अनुशासन और लाजमी अनुपालन, चूँकि मै 70 से ऊपर हूँ अतः आजादी के पूर्व पान्की(?) और जानवुप्य(?) की सीमायें देखी हैं जैसे लखनऊ मे कई इमारतों पर लिखा होता था Indians and Dogs not allowed, यानी हम कुत्तों समान थे, बम्बई की सुपरीम(?) कोर्ट की चीफ जस्टिस एम0 सी0 छागला की Biography Roses in Dec में लिखा है कि बचपन में भूलवश वह बाइबिल पीरियड में सीट पर बैठे रहे और सजा में पाये सौ बेंत जिससे बुखार आ गया और वह पढ़ाई की हिम्मत हार गये। दूसरे world war में अंग्रेजो की नस्ल को बढ़ाने के लिए कालेज के लड़कों को

 ISBN 81-89746-16-2 पुस्तक क्रमांक 16 संस्करण 04 कोड 16_04

प्रलोभन देकर इंग्लैण्ड भेजा जाता था और उनसे साड़ों का काम लेकर (?) को बढ़ाया गया; आपका कार्य व्यापक है, ईश्वर आपको स्वस्थ समृद्ध रखें।

श्री रामकिशोर कपूर, 40 चौकसी नाथ मार्ग, शाहजहाँपुर, उ प्र 242 001

20-11-2006 आपकी बातों से मुझे अपने बचपन की एक घटना याद आ गई। एक वर्ष के लिए मुझे इलाहाबाद के जुमना क्रिश्चियन मिशनरी स्कूल में पढ़ने का मौका मिला था, उसके बाद पिताजी की बदली हो गई थी अतः हमें अन्य प्रान्त में जाना पड़ा।

एक दिन की बात है जो आज भी मुझे चित्र की भाँति याद है। स्कूल के सारे बच्चे एक जगह पर बिठाये गये जिनमें लड़कियाँ भी थीं और लड़के भी। स्कूल के समस्त अध्यापक-अध्यापिकायें भी अपनी-अपनी सीट पर मौजूद थे। प्रधानाध्यापिका भी वहाँ मौजूद थीं। शायद हम उन्हें मदर कहा करते थे पर आज जब सोच स्पष्ट हुई तो जाना कि 'मदर' का अर्थ सम्भवतः उन्हें स्वयं मालूम न था। खैर अब मुद्दे पर आते हैं।

मै उस समय कोई आठ-नौ साल का था। मेरे हम-उम्र एक बच्चे को लाया गया। उसका दोष बताया गया। सबके (लड़के-लड़कियों) के सामने उसे नंगा किया गया। फिर उसे बेंत मारे गये। यह शुभकर्म हमारी तथाकथित 'मदर' के करकमलों द्वारा सम्पन्न हुआ।

मैं नही जानता कि उस छोटे-से बच्चे पर क्या गुजरी होगी। उसके मानस-पटल पर कैसा दाग रह गया होगा। मुझे यह भी याद नहीं कि उसका दोष क्या था। बाकी सारा दृष्य आज भी मेरे दिमाग में वैसा-का-वैसा ही है। मैं देख सकता हूँ वह स्थान जहाँ हम सारे बच्चे बैठे थे, जहाँ हमारे अध्यापक-अध्यापिकायें बैठीं थीं। और जहाँ हमारी पूज्य 'मदर' बैठीं थीं। उनके पास उस छात्र को लाया गया। अदालत की तरह उसका गुनाह सुनाया गया। वह बच्चा न तो अपनी पैरवी कर सकता था, न उसे कोई वकील दिया गया। उसे सबके सामने नंगा किया गया जहाँ छात्र और छात्रायें भी थीं। और फिर उसे पीछे मुड़ने को कहा गया ताकि उसके चूतड़ सबको भलि-भाँति दिख सके। फिर 'मदर' ने बेंत उठायी। वे बेंत बरसते रहे उस बच्चे के चूतड़ों पर।

मैं नहीं जानता कि उसके माँ-बाप को इस बात की खबर हुई होगी या नहीं। न मैने अपने माँ-बाप को यह घटना सुनायी। कम से कम इतना जानता हूँ कि मेरे माँ-बाप को यह नहीं मालूम पड़ा कि उनके बच्चे कैसे स्कूल में शिक्षा पाते हैं। वह स्कूल जिसका बड़ा नाम था उन दिनों, आज का हाल मालूम नहीं।

माँ-बाप बच्चों को भेजते हैं मिशनरी स्कूलों में क्योंकि उन्हें अच्छे स्कूल का खिताब दिया जाता है। मेरे माँ-बाप ने तो यह नहीं कहा पर अन्यों के माँ-बाप से मैंने यह अवश्य सुना है उन्हें गर्व के साथ कहते कि इन स्कूलों में डिसिप्लीन (अनुशासन) बहुत अच्छा होता है। किस प्रकार से यह अनुशासन बनाये रखा जाता है उसकी एक झलक तो देख ही ली आपने।

आज यदि मैं सोचने बैठता हूँ कि जब सारा वृत्तान्त मुझे एक चलचित्र की भाँति याद है तो फिर उस बच्चे दोष क्या था, जो हम सभी को स्पष्ट रूप से सुनाया गया था, वह मुझे क्यों याद नहीं? बस कुछ धुंधली-सी याद है कि हमारे क्लासरूम के बाहर एक तार था जो खिड़की से दिखाता था। समभवतः उसी तार से जुड़ा कोई हादसा रहा हो।

• तो क्या उसका दोष इतना बड़ा नहीं था जो मेरे याददाश्त पर कोई असर छोड़ने के काबिल था? तो क्या उस दोष की तुलना में, वह सजा जो उसे दी गई थी, वह इतनी बड़ी थी, कि उसकी याद मेरी बाल-स्मृति में गुँथ-सी गई?

• वे माँ-बाप जो आज भी इस बात पर गर्व करते हैं कि उनकी सन्तानें कॉन्वेण्ट या मिशनरी स्कूलों में अपनी शिक्षा पाते हैं, उनसे मैं अब क्या कहूँ। हिन्दू और हिन्दू धर्म की बुराई करने वाले तो सैंकड़ों मिल जाते हैं, और उसी प्रकार ईसाई धर्म और ईसाई शिक्षा को गौरवान्वित करने वाले भी हजारों मिल जाते हैं। पर, वह दिन भी आयेगा, जब उन्हें अपनी गलती का अहसास होगा।

मानोज रखित

? जुलाई 2006 "वे जो हिन्दू देवी-देवताओं के बारे में इतनी गंदी-गंदी बातें कहते हैं और आप हैं कि बस चुप्पी साधे बैठे रहते हैं, पुस्तिका मिली। आपकी यह और इस तरह की राष्ट्र-विरोधी बातों को लेकर, मैं पिछले 60 वर्षों से विभिन्न समाचार-पत्रों में कड़ी और तर्कसंगत कलम घसीटता आ रहा हूँ, परिणाम ईश्वराधीन है।

मेरी तो यह दृढ़ मान्यता है कि जब तक राज-काज और शिक्षा में 'विदेशी भाषा अंग्रेजी' कि अनिवार्यता को हम समाप्त नहीं कर पायेंगे तब तक आम लोगों के लिए आजादी और लोकतंत्र का कोई महत्व नहीं है।

स्वतंत्र भारत में अपनी भाषा की उपेक्षा कर 'विदेशी भाषा अंग्रेजी' में शिक्षा देना और देश का शासन चलाना भारत की प्राचीन एवं सुविख्यात संस्कृति की जड़ें खोदना एवं पाश्चात्य संस्कृति को बेहिसाब बढ़ावा देकर देश की संस्कृति को गिरवी रखना, राष्ट्रीय अपराध है लेकिन हम सब मुर्दों की तरह पड़े हुए हैं।

पाश्चात्य संस्कृति ने हमारा रहन-सहन बदला, खान-पान बदला और अब हमारे चिन्तन-मनन एवं सोच की पवित्र धरती को बदलने मचल पड़ी है।

यदि अब भी हम सावधान और जागरूक होकर संगठित नहीं हुए तो निश्चय ही देश डूब जायेगा और आजादी के लिए बहायी गई खून की नदियाँ सूख कर मात्र बंजर भूमि ही रह जयेगी। साथ ही यह कहावत चरितार्थ होकर रहेगी कि 'अब पछताये क्या होत, जब चिड़िया चुग्ग गई खेत'।"

मोहन राज भण्डारी, पूर्व समाचार-सम्पादक--"दैनिक नवज्योति", संस्थापक संर क्षक-- कला संगम,

 ISBN 81-89746-16-2 पुस्तक क्रमांक 16 संस्करण 04 कोड 16_04

मंत्री--तत्कालीन अजमेर जिला गोवा विमोचन समिति एवं अजमेर जिला स्वतन्त्रता सेनानी संघ, भूतपूर्व संयोजक--स्वतंत्रता सेनानी प्रकोष्ठ (कांग्रेस आई), भूतपूर्व अध्यक्ष--अजमेर जिला पत्रकार संघ एवं अजमेर जिला श्रमजीवी पत्रकार संघ, प्रचार-प्रकाशन मंत्री--स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संघ, भूतपूर्व सम्पादक--न्याय, जनमन, मीरा, नवज्योति, डिक्टेटर, आदि साप्ताहिक, कुसुम पाक्षिक एवं सन्तवाणी, बन्धु आदि मासिक
62 महावीर कॉलोनी, पुष्कर रोड, अजमेर, फोन 24506 निवास, 21636 कार्यालय

20-11-2006 मैं आपकी भावनाओं को भली-भाँति समझ सकता हूँ, क्योंकि आपने जीवनभर इस दिशा में अथक परिश्रम करने के पश्चात कुछ ऐसा नहीं देखा जो आपको उत्साहित करे। पर इसे एक दूसरे ढंग से सोचकर देखें।

विदेशी भाषा अंग्रेजी हम पर लादी गई 1835 में जब मॅकॉले अपने साथ ईसाई मिशनरियों की बटालियन लेकर आया और 'प्राचीन पर अत्यंत उन्नत' हिन्दू शिक्षा पद्धति को सुनियोजित ढंग से समूल उखाड़ फेंका (विवरण - पुस्तक 07)। तब से यह छठी पीढ़ी है जो इस मानसिक दासता के शिकंजे में बँधी हुई है। महज भौगोलिक स्वतंत्रता इसे कैसे मुक्त कराती? उस स्वतंत्रता के समय क्या हमारे पास वह नेतृत्व था जो हमें उसके चंगुल से मुक्त कराता?

नेतृत्व के नाम पर गाँधी थे जिन्होंने सुभाष जैसे प्रखर राष्ट्रवादी को कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिलाकर अपने चहेते जवाहरलाल को अपना उत्तराधिकारी बनाया। उस जवाहरलाल को जिसकी निष्ठा भारतीय संस्कृति के प्रति शून्य थी, जो सत्ता हासिल करने के बाद यह कहने में गौरव बोध किया करता था कि वह 'शिक्षा से ईसाई, मनोवृत्ति से मुस्लिम और दुर्घटनावश हिंदू पैदायिश का है'। वह जवाहरलाल जिसके बाप मोतीलाल ने लंदन के होटल के रजिस्टर में अपना नाम, पता, धर्म लिखते समय यह भी जोड़ दिया कि 'उसका जन्म हिन्दू-कुल में हुआ उसके अपने पूर्वजन्मों के पाप स्वरूप'। उस नराधम को होटल के रजिस्टर मे केवल अपना धर्म लिखने को कहा गया था, अपनी जनमपत्री नहीं। जैसा बाप वैसा बेटा। पर गाँधी को तो चाहिए था एक जी-हुजूरी करने वाला, बिना रीढ़ का आदमी, जो कॉन्ग्रेस का अध्यक्ष बनकर गाँधी की सोच का सर्वथा समर्थन करे, बिना चूँ-चपड़ किए। गाँधी की जिद्द भी पूरी हो गई, नेहरू की सत्ता-लिप्सा भी, और देश रसातल में चला गया।

वही एक मौका था जब हम देश को एक नयी दिशा दे सकते थे। सुभाष जब किसी दुविधा में होते और कठिन निर्णय उनके समक्ष होता तो कमरा बन्द कर, धूप-बत्ती जलाकर, ध्यान में लीन हो जाते, हिन्दू ऋषियों की तरह। सुभाष जिनमें क्षत्रियोचित गुण थे अर्जुन की तरह। पर गाँधी ने तो अंग्रेजों का नमक खाया था, अंग्रेजों की सेना में नौकरी जो की थी [1] वह भला अंग्रेजों के खिलाफ हथियार कैसे उठाते। जहाँ तक जवाहरलाल का सवाल है, वह तो आत्मा से ही ईसाई-मुस्लमान-वर्णसंकर बन चुका था। उसे आधुनिक

भारत का नवनिर्माता भी कहते हैं। किस प्रकार के भारत के निर्माण की आशा करेंगे आप उनसे? गाँधी राष्ट्र के पिता कहलाते हैं। पर उन्होंने अपने उत्तराधिकारी स्वरूप एक अत्यन्त "ना" लायक व्यक्ति को चुनकर इस राष्ट्र पर थोप दिया। इसप्रकार वह इस राष्ट्र को अपने धरोहर स्वरूप एक उपहार नहीं बल्कि एक अभिशाप दे गये।

[1] अधिकंशतः भारतीय नहीं जानते कि गाँधी दक्षिण अफ़्रीका की ब्रिटिश आर्मी में नॉन-कमीशण्ड ऑफ़ीसर हुआ करते थे - ISBN 81-85990-52-2

अब उन छः पीढ़ियों की ओर लौट चलें जिनका जिक्र हमने आरम्भ में किया था। जब कोयले के इंजन वाली रेलगाड़ी चलना शुरु करती है तो पहले छुक-छुक करके धीरे-धीरे चलती है। फिर धीरे-धीरे रफ़्तार पकड़ती है। समय के साथ रफ़्तार बढ़ती जाती है। जैसे-2 वक्त गुजरता है और रास्ते में कोई रुकावट नहीं आती है (स्टेशन या चेन-पुलिंग), वैसे-2 रफ़्तार तेज होती जाती है। जब रफ़्तार शिखर पर पहुँच जाती है तो यकायक सामने यदि कोई अड़चन आ जाये तो उसे भी रौंदती हुई गाड़ी आगे बढ़ती जाती है। आगे यदि कोई स्टेशन आने वाला होता है तो काफ़ी पहले से ब्रेक लगानी पड़ती है। यह ब्रेक लगाना भी एक कला है। ब्रेक लगाने का समय, और ब्रेक पर दबाव की मात्रा, पर यह बात निर्भर करती है, कि गाड़ी प्लैटफ़ॉर्म पर रुकेगी, या फिर प्लैटफ़ॉर्म के पहले ही रुक जायेगी, या फिर प्लैटफ़ॉर्म छोड़ कर आगे निकल जायेगी। अब ऐसी स्थिति में यदि ड्राइवर निपुण न हो, या फिर अपाहिज बन गया हो तो उस रेलगाड़ी का क्या हश्र होगा, इसका अंदाजा आप स्वयं लगा सकते हैं।

• अब इसी उदाहरण को लेकर उन छः पीढ़ियों के बारे में सोचें। पहली पीढ़ी के दौरान हिन्दुओं के ईसाई-करण की गति क्या रही होगी, और जैसे-2 समय गुजरता गया होगा और कोई रुकावट सामने न आयी होगी, तो उस ईसाई-करण की रफ़्तार कितनी तेज़ हो चुकी होगी, जब आप छठी पीढ़ी तक पहुँचे होंगे। आज अपने चारों तरफ नजर घुमा कर देख लीजिए, आपको स्वयं इसका भान हो जायेगा।

• सम्भव है कि आपके मन में यह प्रश्न उठे कि आप तो पाश्चात्य संस्कृति की बात कर रहे थे और मैं ईसाई-करण की बात कर रहा हूँ। सोच कर देखें, ये पाश्चात्य राष्ट्र-समूह क्या ईसाई राष्ट्र नहीं हैं? भारत में तो 80 प्रतिशत जनसंख्या हिन्दू है, जिनमें से आप यदि कॉम्यूनिस्टों-मार्क्सिसिस्टों-नास्तिकों को निकाल दें, तो सम्भवतः कोई 50-60% ही बचें, जिन्हें आप हिन्दू कह सकें। ये जो मार्क्सिसिस्ट हैं न, उन्हें आप निरपेक्षतावादी या फिर छद्म-निरपेक्षतावादी कहते हैं, और उन्हें हिन्दुओं में ही गिनते हैं [2] क्योंकि उनके नाम सुनने में आपको हिन्दू-जैसे लगते हैं। यहीं आप धोखा खा जाते हैं। जो ईश्वर के अस्तित्व में विश्वास तक नहीं करता वह हिन्दू कैसे हो सकता है, चाहे उसका नाम कैसा भी हो।

[2] दरअसल यह बात मुझे श्री रामसेवक शुक्ल या आचार्य हर्षकवि के पत्र के उत्तर में कहनी चाहिए थी,

पर ये भाव आपको पत्र का उत्तर लिखते हुए उपजे, सो यहाँ लिख दिया।

• यह आवश्यक है कि सर्वदा सही नाम का प्रयोग किया जाये। हर नाम के साथ हमारे मन में एक छवि जुड़ी होती है। गलत नाम का प्रयोग करेंगे तो हमारे मानस-पटल पर गलत छवि ही उभरेगी जो आपकी समझ को गलत दिशा देगा। नाम का बड़ा महत्व होता है। हम हिन्दुओं से बेहतर भला इसे कौन समझ सकता है? रत्नाकर दस्यु जब तक मरा-मरा जपता रहा तब तक वह रत्नाकर ही रहा। राम-राम जप कर वह महर्षि वाल्मीकि बन गया। अतः सदा सही नाम एवं सही उच्चारण का प्रयोग करें।

वापस चलें संस्कृति और जनसंख्या की ओर। जहाँ भारत की 'वास्तविक' हिन्दू जनसंख्या 80% से बहुत कम है, वहीं अमरीकी जनसंख्या का 84% ईसाई है। अमरीकी सेना में भर्ती होने वाले 98% ईसाई हैं। अतः पाश्चात्य शब्द का प्रयोग न करें। वह पाश्चात्य संस्कृति नहीं बल्कि ईसाई संस्कृति है। अब यहाँ मैं उन किताबी-पंडितों से बहस में नहीं पड़ूँगा जो यह कहकर अपनी विद्वता का परिचय देना चाहेंगे कि ईसाई एक धर्म है, संस्कृति नहीं। उन्हें बाल की खाल निकाल कर अपना समय गुजारने दें, हम आगे बढ़ें।

• हमारे चारों ओर जो कुछ तेजी से बदल रहा है वह पाश्चात्य-करण नहीं बल्कि पाश्चात्यकरण की आड़ में छुपा ईसाईकरण है। पाश्चात्यकरण शब्द हमें उतना नहीं सावधान करता जिताना ईसाईकरण शब्द हमें झकझोरता है। आप की सन्तानें अपना हिन्दुत्व खोती जा रही हैं और थोड़ा-2 करके ईसाई बनती जा रही है।

• कोयले के उस इन्जन ने [3] अब इतनी रफ़्तार पकड़ ली है कि उसे अपने सामने किसी पड़ाव (स्टेशन) के होने का भान ही नहीं रहा। वह कालका-मेल [4] की तरह भागती जा रही है। उस पर कौन ब्रेक लगाये? इंजन में ड्राइवर तो है नहीं। है भी तो नशे में धुत पड़ा है। उस नशे ने उसके दिमाग को अपने काबू में कर रखा है। वह नशा धन का नहीं, वह नशा सत्ता का नहीं, वह नशा है उस ईसाई शिक्षा का जिसने आज उसे ऐसा बनाया। वह ऐसा नहीं था जब उसके पास थी अपनी हिन्दू शिक्षा पद्धति। विश्वास नहीं होता? पढ़िये पुस्तक क्रमांक 07

[3] ईसाई-करण की प्रक्रिया ने

[4] जब मैं बच्चा था तो उन दिनों कालका-मेल तीव्र गति का पर्याय हुआ करता था। आजकल तो उससे भी तेज अनेक गाड़ियाँ चल रही हैं।

• अब वह गाड़ी तभी रुकेगी जब उसके इंजन में होगा एक निपुण ड्राइवर, उसके हाथ में होगी लगाम, उसके सोच में होगी स्पष्टता, उसके जीवन-मूल्यों में होगी 'अनुचित' से 'समझौता' न करने की दृढ़ता।

• सत्य कभी 'डूबता' नहीं। वह अमर होता है। सत्य होता है धर्म के पक्ष में। धर्म की व्याख्या जरूर अलग-2 होती है अलग-2 लोगों की सोच में। पर इससे धर्म का अर्थ

नहीं बदल जाता क्योंकि 'धर्म का अस्तित्व' उन विवादों पर टिका नहीं होता। धर्म किसी का मोहताज नहीं होता। सत्य का साथ यदि रहा है, और रहेगा, किसी धर्म के साथ, तो वह है सनातन धर्म। सनातन वह है जो सदा से रहा है और सदा ही रहेगा। नये-नये धर्म उपजते रहे हैं, उपजते रहेंगे, और अपना-2 समय पूरा कर, अपनी-2 प्राकृतिक मौत मरेंगे।

• धर्म आपकी रक्षा तभी करेगा, जब आप धर्म की रक्षा करेंगे। आप धर्म के प्रति उदासीन रहेंगे, तो धर्म भी आपके प्रति उदासीन रहेगा। अतः धर्म के प्रति अपना कर्तव्य करें, धर्म अपना करेगा।

मानोज रखित

25-6-2006 "आपकी पुस्तिका 'वे जो, हिन्दू देवी-देवताओं...' पढ़ी। पढ़कर एकबार तो उसके लिए अपने को ही उत्तरदायी माना। हम मुद्रणालयों के माध्यम से और अपने नामों के माध्यम से जो अनजाने में अपने देवी-देवताओं का अनादर कर रहे हैं उसे समझें और उस पर विराम लगायें तो बहुत सम्भव है कि हमें शुभ परिणाम देखने को मिलें। इस पर साथियों में चर्चा की गई परन्तु उस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। एक छोटे-से उदाहरण से स्थिति को यों समझाने का प्रयास किया गया - आपके पिताश्री का नाम भरत है। अब आप अपने पुत्र का नाम भरत रखकर अपनी भावनाओं को तौलिये। रामायण-महाभारत काल में लक्ष्मीनारायण, किशोरीलाल, विश्वनाथ, इन्दिरा, पार्वती आदि नाम नहीं हुए। अशोक-काल तक भी ऐसा नहीं था।"

श्री एम एस सिंगला, पूर्व वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी, पश्चिम रेलवे
'राम कृपा' बैंक कॉलोनी, नाका मदार, अजमेर 305 007, फोन 0145-2670225, 2671930

21-11-2006 यह बात सोचने लायक है कि प्राचीन हिन्दू समाज में बच्चों का नाम देवी-देवताओं के नाम पर नहीं रखा जाता था। इस प्रथा में ऐसी कोई बात अवश्य ही छुपी होगी जिसका ज्ञान हमें अब नहीं रहा।

• जिसका ज्ञान हमें आज न रहा उसे हम मानने से इंकार करते हैं। कोई उस बात के महत्व को समझाना चाहे तो उसे हम तर्क संगत न मान कर उसकी अवज्ञा कर देते हैं।

• यह प्रवृत्ति हम में तब से उपजी जब से हमने ईसाई शिक्षा पद्धति का स्वाद चखा। हमने कभी यह सोचकर देखने की चेष्टा न की, कि जिस किसी भी विषय पर ईसाई अज्ञानी थे, हर उस विषय को उन्होंने अज्ञान करार दिया।

• हमने यह भी कभी सोचकर देखना आवश्यक न समझा कि वह सब कुछ हमें तर्कसंगत नहीं लगता है जो हमारी सीमित तर्क-शक्ति की परिधि के बाहर हो।

ISBN 81-89746-16-2 पुस्तक क्रमांक 16 संस्करण 04 कोड 16_04

• हमने यह भी न सोचा कि तर्क की दौड़ केवल वहीं तक होती है जहाँ तक हमारे ज्ञान की पहुँच है।

• ये सारी प्रवृत्तियाँ हममें तबसे आयी जबसे हमने ईसाई शिक्षा का दामन थामा।

• पर क्या हम स्वयं इसके लिए दोषी थे? क्या हमने स्वेच्छा से ईसाई शिक्षा को गले लगाया था? या फिर वह हम पर जबरन थोप दी गई थी? क्या हमारे पास कोई विकल्प बचा था जब हमारी प्राचीन एवं उन्नत शिक्षा प्रणाली को सुनियोजित ढंग से नष्ट कर दिया गया?

• क्या हमारे पास केवल दो ही रास्ते नहीं बचे थे? एक - जो हमने अपनाया, ईसाई शिक्षा को अपनाकर। दूसरा - जो मुसलमानों ने अपनाया, ईसाई शिक्षा को अस्वीकार कर, मदरसों के सहारे चलकर।

• समय से बड़ा निर्णायक कोई नहीं होता। आज हम देखते हैं कि हिन्दू कहाँ हैं और मुसलमान कहाँ हैं।

• हमें सबसे पहले यह बात समझनी होगी कि अपने-आपको दोषी मानकर हम कभी कोई जंग नहीं जीत सकते। चाहे वह जंग अपने खोये हुए गौरवशाली अतीत को लौटा लाने की जंग ही क्यों न हो।

• हीन मनोबल के आधार पर कोई भी जंग, कभी भी, जीती नहीं जा सकती है। आम हिन्दू को इतनी हीन-भावना से ग्रसित मैंने नहीं देखा जितना अपने बुद्धिजीवी वर्ग को।

• सम्भवतः यह हीन-भावना कि हम स्वयं अपने पतन के लिए दोषी हैं, हमारे बुद्धिजीवी वर्ग की पहचान बन चुकी है। इसका पहला कारण है उनकी शिक्षा। वह शिक्षा जिसका उद्देश्य ही था हिन्दू को हीन-भावना से ग्रसित करना।

• इसका एक कारण और भी है। नेतृत्व जैसी योग्यता का अभाव। उस अभाव के पीछे भी छुपा है उनकी वही शिक्षा। जिस शिक्षा का उद्देश्य नेतृत्व की योग्यता को कुचल कर उन्हें अपना (ईसाई-अंग्रेजों का) अनुचर बनाना।

• जिनमें नेतृत्व की योग्यता होती है, वे यह जानते हैं कि अपनी सेना को दोषी मानना, अपने सैन्य-बल को क्षीण करना होता है। और वे यह भी जानते हैं कि क्षीण सैन्य-बल के सहारे कोई जंग जीती नहीं जा सकती।

मानोज रखित

5-5-2006 "प्रिय श्री, सादर नमस्कार! आपकी पुस्तक "वे जो, हिन्दू देवी-देवताओं के बारे में.... ।" पुस्तक पढ़ी। सत्य चिन्तन एवं भारतीय संस्कृति तथा परम्परा

के रक्षार्थ आपका प्रयास प्रशंसनीय है। अमरीकी इशारे पर मकबूल फ़िदा हुसैन भारतीय मान्यता का चित्रों के माध्यम से घिनौना सौदा करता है। विदेशी साजिश के आड़ में अंधश्रद्धा निर्मूलन समितियाँ तथा बुद्धिवादी संगठन देश-प्रदेश में हमारी पूज्यनीय आस्था के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। हमारा ट्रस्ट संघर्षरत है। पत्र दें - आपका अनजाना चिश्ती

खानकाह सूफी दीदार शाह चिश्ती, हाजी मलंगवाडी, पोस्ट कल्याण, जिला ठाणे 421 301 (महाराष्ट्र), मोबाइल 09869720880 फोन 0251-2662496

21-11-2006 पत्र पढ़कर मुझे आनन्द भी हुआ एवं मन में कु छ प्रश्न भी उभरे। सोचा बाद में उत्तर दूँगा पर वह 'बाद' कभी नहीं आया। आज इन पंक्तियों को लिखते समय मन में यह भावना उपजी कि कभी उनसे प्रत्यक्ष मिलूंगा। साथ यह भी खयाल आया कि मिलूंगा अवश्य - अपने समय पर। और वह समय अभी आया नहीं।

मानोज रखित

पाठकों के नाम संदेश

सतत परिवर्तन संसार का नियम है। वही नियम लागू होता है मेरी प्रस्तुतियों में भी। इस सतत परिवर्तन के कारण, विषय-वस्तु में बेहतरी के साथ-2 एक समस्या भी उपजती है। कहीं न कहीं गलतियाँ छूट जाती हैं। स्वाभाविक है कि आपकी नजरों से वे बच न पायेंगी। आप अगर मेरा ध्यानाकर्षण करेंगे तो अगले संस्करण में सुधार हो जायेगा।

- यह आवश्यक है कि जब भी आप पत्र लिखें तो इस बात का जिक्र अवश्य करें कि किस पुस्तक के संदर्भ में आप अपनी बात कहना चाहते हैं। तभी संभव होगा मेरे लिए, उनकी सोच को उस पुस्तक के अगले संस्करण में शामिल करना, एवं आवश्यकता पड़ने पर उत्तर भी देना। कुछ पाठक पत्र लिखते हैं, और काफी महत्वपूर्ण बातें लिखते हैं, पर इस बात का जिक्र नहीं करते कि किस पुस्तक के संदर्भ में पत्र लिख रहे हैं। अतः उन पत्रों को मैं किसी भी पुस्तक विशेष में शामिल नहीं कर पाता हूँ।

- यदि आप चाहते हैं कि आपका नाम-पता दोनों, या फिर दोनों में से कोई एक, न प्रकाशित किया जाये तो आपको उसी पत्र में यह बात स्पष्ट कर देनी चाहिये।

मैं आपके पत्रों का व्यक्तिगत रूप से जवाब नहीं दे पाऊँगा। यदि ऐसा करूँ तो लेखन एवं प्रकाशन का कार्य रुक जायेगा। आशा है आप मेरी बात को समझेंगे, और मुझे अपने सीमित समय एवं साधनों का सदुपयोग करने का अवसर देंगे। इसका मतलब यह नहीं कि आप पत्र लिखना बंद कर दें। केवल व्यक्तिगत उत्तर की आशा न करें, यही मेरा अनुरोध है।

मानोज रखित, 22-11-2006

 ISBN 81-89746-16-2 पुस्तक क्रमांक 16 संस्करण 04 कोड 16_04

वे जो कहते हैं, कि इस दुनिया में अच्छी और बुरी दोनों चीजें है - अच्छी को ग्रहण करो, बुरे की ओर से मुँह फेर लो

आप में से कुछ बड़े दरिया-दिल होतें हैं। उनका कहना और सोचना है कि जो बुरा करते और कहते हैं, उन्हें करने दो, उन्हें उनके कर्मों का फल स्वयं मिलेगा, हम क्यों उसकी चिंता करें? हमें अपनी दृष्टि और सोच को अच्छी बातों कि ओर लगाना चाहिए।

समाज एक समष्टि है, जहाँ अनेक प्रकार के लोग रहते हैं।

• जो बुरी बातें बेधड़क कहते हैं, और जो उसे अनदेखा करते हैं, दोनों दोषी हैं। कारण, बुरी बातें समाज के अन्य व्यक्तियों को भी प्रभावित करती है। विशेषकर उन्हें जिनकी सोच अभी परिपक्व नहीं हुई है।

• उदाहरण के लिए आपके बच्चे। उनकी सोच गीली मिट्टी की तरह होती हाट जिसे कुम्हार अपनी इच्छानुसार रूप दे सकता है। यदि आपके देवी-देवताओं के बारे में ऐसी बातें फैलती रहेंगी, और आप उन्हें अनदेखा करते रहेंगे, तो निश्चित जानिये, आपके बच्चे उन गन्दी सोचों से अछूते नहीं रहेंगे।

किस भ्रम में जीते हैं, कि आपके बच्चे, आपके-ही संस्कार, पाते हैं?

आप इस भ्रम में न रहिये कि आप अच्छे संस्कार देते हैं अपने बच्चों को, इसलिए आपके बच्चे ऐसी गंदी सोच से प्रभावित नहीं होंगे। जरा अपने बच्चों की ओर ध्यान से देखिए।

कितना समय आपके बच्चे आपके साथ बिताते हैं? सुबह उठकर भागा-भागी में स्कूल जाते हैं, जहाँ शिक्षक उन्हें हमारे देवी-देवताओं के बारे में कुछ अच्छी बातें नहीं बताते क्योंकि आप अपने बच्चों को 'इंग्लिश-मीडियम' 'कॉनवेंट-मिशनरी-ईसाई' स्कूलों में भेजते हैं उन्हें 'स्मार्ट' बनाने के लिए।

स्कूल से लौटकर जल्दी-जल्दी खाना खाकर वे भागते हैं खेल के मैदान की ओर। वहाँ से लौटकर बैठ जाते हैं स्कूल का 'होमवर्क' पूरा करने के लिए। फिर समय मिला तो टी वी देखने बैठ जाते हैं।

इन सब व्यस्तताओं के बाद यदि उन्हें बात करने का समय मिलता भी है तो वह फोन पर अपने दोस्तों के साथ बात करने में बीत जाता है। और यदि आपके बच्चों में 'रोमांस' का बुखार चढ़ा हो तो फिर उन्हें खयालों की दुनिया में जीने की आदत पड़ जाती है, तब उनके पास और किसी से बात करने का कोई समय नहीं होता।

इन सब के दौरान यदि थोड़ा-सा समय उन्हें आपके साथ बात करने को मिल भी जाता है तो वे आपसे 'दिल खोलकर' कितनी बातें करते हैं? क्या वे मन ही मन ऐसा नहीं

सोचते कि आपके और उनके खयाल मिलते नहीं? उनकी नजर में आपका 'नजरिया' पुराना है, सम-सामयिक नहीं।

• सो इन सब के बीच आपसी वार्तालाप का जो थोड़ा-सा समय मिलता है तो उस दौरान आप उनकी सोच को कितना प्रभावित कर पाते हैं? और यदि नहीं कर पाते हैं तो फिर किन संस्कारों के भरोसे आप इतने आश्वस्त होकर बैठे रहते हैं?

• आज के बच्चे जो संस्कार पाते हैं वे अपने स्कूल से पाते हैं, अपने दोस्तों से पाते हैं, टी वी मे दिखायी जाने वाली घटिया हास्य-नाच-हिंसा-नग्नता-विवाह के पूर्व यौन-संबधों की सम-सामयिकता से ओत-प्रोत प्रोग्रामों से पाते हैं।

वे कलाकार जो अपनी कला के माध्यम से सारे विश्व को बताते हैं कि उनकी नजरों में हमारे भगवान शिव एक कुत्ते जैसे हैं

इन ईसाई धर्मगुरुओं की सीख को आगे बढ़ाते हैं वे कलाकार जो अपनी कला के माध्यम से विश्व को बताते हैं कि हमारे शिव-शंकर की अहमियत उनकी नज़रों में क्या है। उदाहरण के लिए देखिए http://www.timnortonart.com/pages/painting%20pages/Saints%201.html यह चित्रपट (कैनवास) के ऊपर एक तैलचित्र (ऑयल पेंटिंग) है जिसमें कलाकार टिम नॉर्टन ने हमारे भगवान शिव को कुत्ते के रूप मे दिखाया है। इस तैलचित्र का आकार 30" x 24" है और इसका मूल्य एक हज़ार डॉलर रखा गया है (चालीस-पैंतालीस हजार रुपये)।

19-11-2006 2:05 AM अभी मैं टिम नॉर्टन के वेब साइट पर गया क्योंकि अगले दो-तीन दिनों में इस तृतीय संस्करण को प्रेस में भेजने की तैयारी में लगा हुआ हूँ। वह फोटो मुझे वहाँ नहीं दिखी। आज से नौ महीने पहले द्वितीय संस्करण को लिखते समय मैंने वह फोटो वहाँ देखी थी। मुझे आश्चर्य हुआ और मैंने अभी-अभी टिम नॉर्टन को एक ईमेल भेजा। उसके बाद मैं 'हिन्दू जागृति समिति' के वेब-साइट पर गया (www.hindujagruti.org). उन्होंने एक 'आपत्ति अभियान' चलाया था जिसमें मैंने भी हस्ताक्षर किये थे। वहाँ जाकर पता चला कि टिम नॉर्टन ने क्षमा-प्रार्थना के साथ उस तैल-चित्र को अपने वेब-साइट से हटा लिया है।

• इससे हम यह तो जान पाते हैं कि जब तक हम चेष्टा नहीं करेंगे तब तक हम यह नहीं जान पायेंगे कि इसका फल मिलेगा या नहीं। हाँ, यह सत्य है कि हर चेष्टा का फल तुरंत नहीं मिलता। पर इस बात से हतोत्साहित होकर यदि हम चेष्टा करना छोड़ दें तो हम यह कभी नहीं जान पायेंगे कि हमारी कितनी चेष्टायें केवल इस लिए फलीभूत न हो सकी क्योंकि हमने कभी चेष्टा ही न की।

 ISBN 81-89746-16-2 पुस्तक क्रमांक 16 संस्करण 04 कोड 16_04

इटली की कम्पनी मिनेल्ली ने जूतों पर भगवान श्री राम के चित्र छापे

इटली की कम्पनी मिनेल्ली ने जूतों पर भगवान श्री राम के चित्र छापे। अपने विज्ञापनों में इस बात विशेष रूप से उल्लेख किया ताकि अधिकाधिक लोग उन्हें खरीदें।

- जिन्होंने इन जूतों को बाजार में बेचने लिए बनाया और जिन्होंने उन्हें चाव से खरीदा, उन सभी की नजरों में हमारे भगवान श्री राम की जगह उनकी जूतियों में थी।
- हिन्दुओं ने इस बात पर आपत्ति की। अन्त में कम्पनी को ये जूतियाँ बाजार से वापस लेने पड़े।

पर जो खरीद चुके थे, उनसे वापस नहीं लिया जा सकता। उनके लिए अब यह अपने दोस्तों के साथ चर्चा एवं नुमाईश की वस्तु बन गई।

विवरण - www.hindujagruti.org 19-11-2006

ISBN 81-89746-16-2 पुस्तक क्रमांक 16 संस्करण 04 कोड 16_04

न्यू यॉर्क अमरीका की गोल्ड मेडल होज़ियरी (Gold Medal Hosiery) नामक कम्पनी ने मोजों पर ॐ छाप कर बेचना शुरू किया। इन मोजों की डिज़ाइन तैयार की गई थी न्यू यॉर्क की लिन्डा मैड्डॉक्स (Linda Maddocks) के द्वारा एवं मोजे बनवाये गए थे दक्षिण कोरिया में।

• यदि साधारण ईसाई दूध के धुले भलेमानुस थे, तो उन्हें इन मोजों का बहिष्कार करना चाहिये था, जो उन्होंने नहीं किया, बल्कि उन्हे बड़े चाव के साथ खरीदा और पहना, ताकि वे महसूस कर सकें कि हमारे ॐ का स्थान उनके पैरों तले है।

• यह सोच, यह भावना उनमें कैसे उपजी यह जानने के लिये आपको मेरी अन्य पुस्तकें पढ़नी होंगी, जो आपको इस बात से अवगत करायेंगी ईसाई धर्म का धर्मग्रंथ बाइबिल उन्हें हिन्दू धर्म जैसे मूर्तिपूजक धर्मों को किस दृष्टि से देखना सिखाता है।

4-7-2003 को अमरीका की IndiaCause नामक हिंदू संस्था ने इस पर आपत्ति करते हुए कम्पनी को लिखा। 11-7-2003 को कम्पनी केअध्यक्ष पॉल रोटस्टीन (Paul Rotstein) ने खेद प्रगट करते हुए IndiaCause को ईमेल भेजा इस आश्वासन के साथ कि वे इस गलती को दुहरायेंगे नहीं, पर उन्होंने न ही इस बात का आश्वासन दिया कि बाजार में बिक रहे मोजों को वापस लेंगे या नहीं, और जो माल उनके गोदामों में है उन्हें बाजार में बिकने लिए छोड़ेंगे या नहीं।

विवरण - www.indiacause.com

वैसे जो हानि होनी थी वह तो हो चुकी। लाखों ईसाई जनसाधारणों के घर-घर पहुँच गयीं ये मोजे, और उन्हें मौका मिल गया इस बात का कि वे हमारे ॐ को अपने पाँवों मे अपने जूतों के साथ स्थान दें।

• जहाँ तक कंपनी के अध्यक्ष द्वारा खेद प्रगट करने का प्रश्न है, उसे दुनिया न जान पायेगी, और अन्य कम्पनियाँ इसे अपने-अपने ढंग से दोहरायेंगी, और अगर किसी ने आपत्ती की तो खेद प्रकट कर छुट्टी पा लेंगे।

• कोई आपत्ति करेगा तभी, जब कि उसे मालूम पड़ेगा कि दुनिया के किस कोने में क्या हो रहा है। इस प्रकार दुनिया भर में जगह-2 समय-2 पर ऐसी वारदातें होती रहेंगी ईसाइयों के संसार में इस तरह की हरकतें फैलती रहेंगी, और हम अपने जान-पहचान वालों में डींग हाँकते फिरेंगे एवं पत्र-पत्रिकाओं में लिखते रहेंगे कि सारी दुनिया में हमारे हिंदू धर्म की क्या साख है, और अपने ही देश में हम हिंदू अपने धर्म को उस इज्जत की नजर से नहीं देखते।

• कभी तो ऐसे लोग चेतेंगे, अपने दिल को बहलाना बंद करेंगे, और अपने हिंदू भाइयों को इस काल्पनिक दुनिया की ओर नहीं धकेलेंगे। अज्ञान अपने-आपमें उतना बुरा

